एक नजर में

28 सितम्बर को आर्य समाज में हवन, भजन व प्रवचन का आयोजन

मन्दसौर। आर्य समाज मंदसौर में नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रवचन एवं भव्य भजनों का आयोजन 28 सितम्बरए रविवार को किया जा रहा हैं जिसमें अमरसिंह ब्यावर वाले द्वारा भव्य भजनों एवं प्रवचन की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दिन प्रात:9 हवन होगा तत्पश्चात् भजन व प्रवचन आयोजित होंगे। आर्य समाज अध्यक्ष मधुसूदन आर्य ने बताया कि आर्य समाज द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित हवनए भजन एवं प्रवचन के कार्यक्रम में सभी आर्यसमाजजन एवं धर्मसेवी आयोजन में सहभागिता कर धर्मलाभ ले।

केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

मन्दसौर। जिला तंबाकू नियंत्रण समिति द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेवास देवड़ा रोड मंदसौर में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम किया गयां सदस्य जिला तंबाकू नियंत्रण समितिध् प्रदेश अध्यक्ष मजदूर कल्याण समिति श्री करण सिंह परिहार ने छात्र.छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन जीवन के अनेक आयामों पर घातक प्रभाव डालता है। तम्बाकू सेव ने कैंसर का जोखिम बढ़ जाता हैए यह श्वसन तंत्र पर बूरा प्रभाव डालता है जिससे बार.बार फेफड़ों में संक्रमण होने की संभावना बड़ जाती है। इसके सेवन से मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका तंत्र पर विपरित प्रभाव पड़ता है इसलिये इससे स्वयं भी दूर रहे तथा अपने परिजनों व मित्रों को दूर रहने की सलाह दे।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती निलांजलि प्रसादए मजदूर कल्याण समिति प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन लाल हाडाए प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार चौहानए सहित शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र.छात्राएं उपस्थित हुए।

ब्लॉक कांग्रेस ने किया कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन

सीतामऊ। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीतामऊ ने आज लदुना चौराहा पर भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। यह विरोध उनके द्वारा राहुल गांधी पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश चंद्र रावटी ने कहा कि विजयवर्गीय ने न केवल राहुल गांधी का बल्कि भारत की संस्कृति और भाई.बहन के पवित्र रिश्ते का भी अपमान किया हैए जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि विजयवर्गीय नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा दें और देश की बहनों से माफी मांगें। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संग्राम सिंह राठौरए जिला महामंत्री संजय वर्माए विनय राजोरियाए मंडलम अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्माए रमेश मालवीयाए पवन शर्माए भैरूलाल राठौरए ब्लॉक उपाध्यक्ष रघुनंदन सिंह महुआए युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मिथुन शर्माए दीपू सेनए राहुल भंभोरियाए तरुण बरोलाए प्रतीक गिरोटियाए दशरथ सेनए संदीप पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अधिकारियों को ग्राम भ्रमण एवं पर्यवेक्षण का दायित्व

नीमच। जिले में 2 से 9 अक्टूबर 2025 के मध्य %%दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का प्रथम चरण संचालित किया जायेगा। संपर्क के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा 10 एवं 10 से अधिक गाय, भैंस पालकों को गृह भेंट देकर, पशुपोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) के लिए जागरूक किया जायेगा। पशुपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा इस दौरान पशुपालकों को दी जा रही गृह भेंट एवं पशुपालकों को जागरूक करने के कार्य का पर्यवेक्षण करने अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव को जिले के न्यूनतम तीन ग्रामों का भ्रमण कर, पर्यवेक्षण का दायित्व सौपा गया है। अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) अनुभाग मनासा, नीमच, जावद को अपने कार्यक्षेत्र के न्यूनतम 4 ग्रामों का भ्रमण कर पर्यवेक्षण का दायित्व सौपा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनासा, नीमच, जावद को अपने कार्यक्षेत्र के न्यूनतम 4 ग्रामों का भ्रमण कर पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया हैं।

गांधी जयंती पर ड्राय डे रहेगा

नीमच। महात्मागांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2025 को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व्दारा ड्राय डे घोषित किया गया है। नीमच जिले में 2 अक्टूबर 2025 को जिले की सभी देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा दुकाने बंद रखी जाएगी तथा मदिरा का क्रय विक्रय पूर्णत:बंद रखने के आदेश जारी किए गए है। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए है।

जनकपुर आयुष शिविर में 122 रोगी लाभावित

नीमच। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं स्वस्थ्य नारी एवं सशक्त परिवार अभियान के तहत शासकीय आयुर्वेद औषधालय जनकपुर द्वारा निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शुक्रवार को ग्राम पानोली के आंगनवाड़ी एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग,विबंध, श्वास,कास,प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,अर्श गैस अम्लपित साइटीका, त्वचारोग, हदय प्रमेह,आदि बीमारियों की जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई शिविर में 122 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। शिविर में डॉ.नाथू सिंह मौर्य,डॉ.धीरज डावर आयुष कार्यकर्ताओं तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी।

आबकारी विभाग की कार्रवाई

नीमच। आबकारी विभाग नीमच द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री बसंत कुमार भिटे के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. सिंगाडा एवं वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षकों द्वारा संपूर्ण जिले में होटल, ढाबो एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरा पान करने वालो के विरूद्ध एवं अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन, आसवन की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जुलाई 2025 से सितंबर 2025 तक अवैध मदिरा के 260 न्यायालयीन प्रकरण कायम कर 359 लीटर हाथ भटटी मदिरा, 42.14 लीटर देशी मदिरा, 20.17 लीटर विदेशी मदिरा, 41400 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है। साथ ही मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) में 01 आरोपी से 58 लीटर हाथ भटटी मदिरा एवं बिना नंबर पैशन मोटरसाईकल जप्त कर प्रकरण कायम किया गया है।

गरबों की धूम, क्षेत्र में पारम्परिक और भक्तिमय हुआ माहौल

यश नगर चौराहे पर हो रहा है सुसज्जित और अनुशासित गरबों का आयोजन

मंदसौर। मेघ-यश महिला गरबा मंडल द्वारा आयोजित प्रथम बार गरबा महोत्सव से क्षेत्र का वातावरण पारंपरिक एवं भक्तिमय हो गया है हाल ही में गणपति महोत्सव के बाद प्रथम बार अम्बे माता की आराधना के उद्देश्य को लेकर यश नगर पुलिया पर विशाल गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है एक और जहां गरबों में फूहड़ता और फिल्मी गानों पर गरबा करने की खबरें समाज को आहत करती है वहीं इस आयोजन में फिल्मी गीतएफूहड़ता को प्रतिबंधित करने के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्थाएप्रतिदिन गरबा प्रशिक्षणएमाता पूजन कार्य सहितए पूरा प्रबंधन स्वयं मातृशक्ति के द्वारा ही किया जा रहा है साथ ही प्रतिदिन होने वाले इस गरबे को धार्मिक और पारंपरिक तौर पर मनाने के लिए संकल्पित है।

यश नगर चौराहे चल रहे सुसज्जित और अनुशासित गरबों को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी आ रहे है। प्रथम बार अत्यंत ही आनंद और उत्साह के साथ अम्बे माता जी की स्थापना कर नवरात्रि आराधना का शुभारंभ किया गया।

यहाँ गरबों और डांडिया में पारम्परिक वेशभूषा और माताजी गीतों को ही अनिवार्य किया गया है। आधुनिक या वेस्टर्न परिधान तथा फ़िल्मी गानों को पूर्णत: प्रतिबंध रखा गया हैए जिससे पूरे आयोजन का वातावरण धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से सराबोर हो रहा है।

डांडिया को आकर्षक बनाने हेतु मातृशक्तियो ने विगत दस दिनों से प्रैक्टिस की और हर दिन एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियाँ दें रही हैं। माता आराधना में जहाँ भक्ति और उल्लास का संगम झलक रहा हैए वहीं धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का अदभुत संदेश भी समाज को दिया जा रहा है। गरबा पंडाल में प्रवेश के लिए सभी के लिए प्रवेश पत्र अनिवार्य किए गए हैएताकि बाहरी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

इस भव्य आयोजन की जानकारी कृष्णा वप्ता ने दी। साथ ही नगरवासियों को आमंत्रित किया कि वे अवश्य पधारकर माता जी के गरबों और दर्शन का दिव्य आनंद प्राप्त करें।

भाजपा मंडलों में स्वदेशी अभियान एवं आत्मनिर्भर भारत कार्यशालाएं आयोजित

मंदसौर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिलेभर के भाजपा मंडलों में स्वदेशी अभियान एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

दिनांक 26 सितम्बर को विभिन्न मंडलों में आयोजित कार्यशालाओं में मुख्य वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि देशभक्ति और स्वाभिमान की भावना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं और इसके लिए हर व्यक्ति को स्वदेशी उत्पाद अपनाना होगा।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जरए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदियाए जिला महामंत्री शिवराज सिंह राणाए जितेन्द्र सिंह चौहानए सुशीला राठौर सहित अनेक नेताओं ने मंडलों में जनप्रतिनिधियोंए पदाधिकारियोंए व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं का सम्मान किया और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने कहा कि जीएसटी सुधार आने वाले समय में स्वदेशी को बड़ा आधार प्रदान करेगा।

व्यावसायिक शिक्षा हेतु विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

मोतीपुरा/नाहरगढ़। पीएम श्री एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोतीपुरा के छात्र.छात्राओं ने श्री जी कॉलेज मंदसौर का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण मानव संसाधन विकास मंत्रालयए नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियानए भोपाल ;मध्यप्रदेशद्ध द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा आईटीध्आईटीईएस एवं एग्रीकल्चर ट्रेड के अंतर्गत आयोजित किया गया।

भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक क्षेत्र की जानकारी देना एवं उन्हें रोजगार के अवसरों के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान छात्र.छात्राओं ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन कियाए जहां उन्होंने आधुनिक उपकरणों एवं तकनीक को नजदीक से देखा और वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण से विद्यार्थियों को अपने भविष्य के व्यावसायिक लक्ष्यों की दिशा में नई प्रेरणा मिली।

भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक हुकूमचंद पाटीदारए कमलेश उदियाए श्रीमती शीतल बिड़ोदियाए व्यवसायिक प्रशिक्षक दशरथ शर्मा ;आईटीध्आईटीईएसद्ध एवं कुलदीप पाटीदार ;एग्रीकल्चरद्ध भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रमुख दीपक सैनीए विद्यालय प्राचार्य कैलाश सूर्यवंशीए आईआईएसडी कंपनी एवं वोकेशनल समन्वयक शुभम चौरसिया का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्राचार्य कैलाश सूर्यवंशी ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करनेए उद्योग जगत से परिचित कराने और भविष्य में इंटर्नशिप एवं नौकरी के अवसर बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

इनरव्हील डायमंड की पहल बनी प्रेरणापद : रजनी दत्ता

नीमच। अंतरराष्ट्रीय मण्डल 304 के अंतर्गत इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा क्लब सदस्या सोनल सिंहल एवं बुलबुल मलाशया के सहयोग से पुलिस, सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों की भर्ती की तैयारी कर रही 150 से अधिक बालिकाओं को जूते एवं ट्रैकसूट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जाजू कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हार्टफुल ट्रेनर श्रीमति रजनी दत्ता इनरव्हील सी.सी.सी. चेयरमैन पी.डी.सी. संगीता जोशी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अंकिता पंडिया व जाजू महाविद्यालय प्राचार्य प्रतिभा कालानी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने क्लब की इस अनूठी पहल को सराहते हुए कहा कि समाज की बालिकाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में यह कदम अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उचित प्रशिक्षण के साथ आवश्यक संसाधन मिलने पर बेटियाँ निश्चित ही सफलता की नई ऊँचाइयों को छुएँगी। क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने बताया कि इनरव्हील क्लब नीमच डायमंड सदैव समाजसेवा में अग्रणी रहा है। इस प्रकार के प्रोजेक्ट से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को सुविधा उपलब्ध होगी और वे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगी।

कार्यक्रम का संचालन क्लब उपाध्यक्ष रिंकी तापड़िया ने किया तथा आभार एडिटर शिवांगी जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब सचिव पायल गुर्जर, कोषाध्यक्ष दिव्या जैन, पूजा खण्डेलवाल, सपना जैन, अन्नपूर्णा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, दिशा सैनी, प्रिपंका सैनी, नीतू पाटीदार, पायल धाडेती, दीपिका खण्डेलवाल, निकिता पगारिया, प्रियंका नागदा, विजय श्री चौधरी, नेहा गोयल, श्रुति खण्डेलवाल, गोरी खण्डेलवाल, डिम्पल चांदना, स्वाती झंवर, जयन्ती एनिया सहित अन्य क्लब की सदस्याएँ मौजूद रहीं।

मनासा के छात्र-छात्राओं ने एक से एक बढ़कर मनोरम प्रस्तुति दी

नीमच। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक व्यवस्था ज्ञानोदय विश्वविद्यालय द्वारा आज तीसरे दिन बीए बी एड बीएससी बीएड क्रश्वस्त्र. तथा डी एड नीमच एवं मानसा के छात्र-छात्राओं द्वारा मंच पर एक से बढ़कर एक मनोरम प्रस्तुति प्रस्तुत की । यह जानकारी देते हुए प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि आज की थीम भारतीय संस्कृति पर आधारित थी जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भारत की सभी प्रांतों की संस्कृति को गीत एवं एकल एवं समूह नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों ने बेहद से रहा।

कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में सामान्य मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय जोशी श्रीमती रजनी दत्ता संगीता शर्मा विवेक खंडेलवाल , डॉक्टर सुजाता गुप्ता, डॉक्टर निरुपमा झा , सुषमा चौरसिया,लीला चौरसिया, मीना चौरसिया ,अनीता डबकरा , उषा जैन , ममता गर्ग सहित ज्ञानोदय विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ माधुरी चौरसिया इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर गरिमा चौरसिया ने किया। भारतीय संस्कृति दुनिया की तमाम संस्कृतियों में सर्वश्रेष्ठ है इसी संस्कृति का परिपालन करते हुए ज्ञानोदय विद्यार्थियों ने बंगाल, असम ,महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश, राजस्थान हिमाचल की संस्कृति पर आधारित एक से बढ़कर एक सुंदर समूह नृत्य और सोलो नृत्य की प्रस्तुति प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में डॉक्टर माधुरी चौरसिया ने कहा की फ्रेशर्स पार्टी के माध्यम से ज्ञानोदय का प्रयास बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को मंच के माध्यम से विकसित करना है । डॉ संजय जोशी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ज्ञानोदय पूरे नीमच अंचल का एकमात्र इंस्टिट्यूट है जहां पर इतने भव्य पैमाने पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किया जाता है कार्यक्रम के अंत में कल्चरल शो का आयोजन भी किया गया।

एक नजर न.प.रतनगढ़ का बड़ा फर्जीवाड़ा, एक ही भवन की आपत्ति लगने के बाद भी अपर कलेक्टर को गुमराह कर फर्जी तरीके से नामांतरण करवा दिया

पिछले कई वर्षों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बना रहे अलग-अलग फर्जी दस्तावेज

नीमच। रतनगढ़ नगर परिषद में इन दिनों फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर नामात्रंण का भारी खेल चल रहा है। जिसमें रजिस्ट्री, डायवर्सन आदी महत्वपूर्ण दस्तावेजो के आधार पर तो जनता को नामान्तरण के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।लेकिन ठिक इसके दूसरी तरफ पिछले तीन-चार वर्षो में कई फर्जी नामांन्तरण कर दिए गए है।

अगर गहराई से जांच की जाए तो कई ऐसे मामले भी सामने आ जाएंगे। जिसमें कई लोगों के द्वारा किए गए शासकीय अतिक्रमण को भी निजी भूमि या भवन बताकर शासकीय रिकॉर्ड में भारी हेरा फेरी करते हुए अवैध रूप से नामांतरण कर दिए गए है। ऐसा ही एक रतनगढ़ नगर परिषद के द्वारा किए गए अवैध नामांतरण के फर्जीवाड़े का बहुत बड़ा मामला सामने आया है।जिसमें पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181,जनसुनवाई,लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से नगर परिषद में कई बार आवेदन देने के बाद भी आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी नहीं दी गई।

विस्तृत जानकारी के अनुसार....सन् 1999 से 2001-02 तक भवन क्रमांक 57 जो कि वार्ड क्रमांक 8 सदर बाजार दर्जी मोहल्ले में स्थित है। राजेंद्र कुमार बंशीलाल राठौर के नाम से रतनगढ़ न.प.के रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसका संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर की समस्त बकाया राशि की जमा रसीदे राजेंद्र कुमार के नाम से बनाई गई है। उसके पश्चात सन 2005 में जब राजेंद्र कुमार को जानकारी मिली कि उनके मालिकाना स्वामित्व वाले भवन को न.प.के रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा करते हुए भारी हेरा फेरी की गई। एवं उक्त भवन को बंशीलाल, मोतीलाल, राजेंद्र कुमार राठौर के नाम पर दर्ज कर संपत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर की जमा राशि की रसीदे बना दी गई। सन 2021 में राजेंद्र कुमार राठौर के द्वारा न.प. में आवेदन देकर नाम को सुधारने की गुहार लगाई गई। तो कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित राजेंद्र कुमार ने बताया कि 2022 में उक्त भवन को बिना मेरी जानकारी एवं सहमति के बंशीलाल मोतीलाल के नाम पर चढ़ाकर फर्जी तरीके से उनको प्रमाण पत्र दे दिया गया। जबकि न.प. के रिकॉर्ड में भवन मालिक का नाम बंशीलाल राजेंद्र कुमार राठौर ही दर्ज था। इसके पूर्व दिनांक 30 मई 2019 को न.प. द्वारा पत्र क्रमांक 930/2019 बंशीलाल राजेंद्र कुमार, मोतीलाल के नाम से नोटिस सूचना जारी कर वार्ड क्रं.8 में स्थित भवन क्रमांक 57 जो की जिर्ण शिर्ण अवस्था में हो चुका है। को तोड़ने का आदेश भी जारी किया गया। राजेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि 2009 से लेकर 2025 तक ऑनलाइन नल कनेक्शन मेरे नाम पर ही दर्ज है। लेकिन आफ लाइन में हस्ते गोपाल कृष्ण बंशीलाल के नाम से रसीद बनाकर न.प.के कुछ कर्मचारीयो के द्वारा भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

इसके साथ ही उपभोक्ता जलकर आईडी क्रमांक 612 जो कि हमारे नाम पर दर्ज है।उसमें भी ऑनलाइन अपडेट आईडी मे 1000934598 बताकर ऑफलाइन रिकॉर्ड में फर्जीवाड़े से हस्ते गोपाल के नाम से जमा रसीद बना दी गई।जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में मेरे नाम पर आज भी आईडी नंबर 1000934597 है।

राजेंद्र ने आगे यह भी बताया कि 2022-23 में पुन: न.प. कार्यालय में मेरे द्वारा आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन देते हुए नाम सुधार करने का निवेदन किया गया। जिस पर न.प. के द्वारा अपनी गलती मानते हुए सुधार करते हुए उक्त भवन को पुन: राजेंद्र कुमार बंशीलाल राठौर के नाम पर दर्ज करते हुए संपत्ति कर समेकित कर एवं जलकर की राशि मेरे नाम से जमा कर जमा रसीदे प्रदान कर दी गई। लेकिन अचानक फिर पिछले वर्ष 2022 मे न.प.के रिकॉर्ड में दर्ज नाम के विपरीत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर पूर्व मे फर्जी तरीके से जारी किए गए प्रमाण पत्र जिसमें बंशीलाल मोतीलाल का नाम ऑफलाइन ऊपरी तौर पर चढ़ाया गया था।के आधार पर गोपाल कृष्ण बंशीलाल के नाम पर दान रजिस्ट्री कर दी गई। लेकिन जानकारी मिलते ही मेने आपत्ति दर्ज कराई जिस पर दिनांक 13 जनवरी 2023 को क्रमांक/ 124 राजस्व/2023 में नामांतरण को निरस्त कर दिया गया।लेकिन न.प.द्वारा शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज नाम के विपरीत ऊपरी तौर पर पूर्व में जारी किए गए फर्जी प्रमाण पत्र को आधार बनाकर गोपाल कृष्ण बंशीलाल के द्वारा अपर कलेक्टर कार्यालय में अपील की गई।